Adda247
GET IT ON Google Play

# RRB Group D Memory Based Paper (11-Aug-2026)

**Q1.** नीचे दिए गए दो कथनों को देखें और सही विकल्प चुनें। कथन A: नेफ्रॉन में चयनात्मक पुनर्अवशोषण शरीर में पानी और नमक का संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। कथन B: चयनात्मक पुनर्अवशोषण नाइट्रोजनी अपशिष्टों को निस्यंद (filtrate) में प्रवेश करने से रोकता है।
(a) कथन A गलत है लेकिन B सही है।
(b) कथन A और B दोनों सही हैं।
(c) कथन A और B दोनों गलत हैं।
(d) कथन A सही है लेकिन B गलत है
**Ans.(d)**

**Q2.** 0.15 kg द्रव्यमान की एक क्रिकेट गेंद को एक इमारत की छत से 30 m/s के वेग से क्षैतिज रूप से फेंका जाता है। हाथ से छूटते समय गेंद की गतिज ऊर्जा क्या होती है?
(a) 90 J
(b) 135 J
(c) 67.5 J
(d) 45.5 J
**Ans.(c)**

**Q3.** दिए गए पदार्थ के एक तार की लंबाई L और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल A है, जिसका प्रतिरोध R है। यदि आयतन को स्थिर रखते हुए तार को खींचकर उसकी लंबाई दोगुनी कर दी जाए, तो उसका नया प्रतिरोध क्या होगा?
(a) शून्य
(b) 4R
(c) R/2
(d) 2R
**Ans.(b)**

**Q4.** पेटुनिया में कौन सा वर्णक होता है जो उन्हें अम्लीय वातावरण (कम pH) में लाल-बैंगनी रंग देता है?
(a) लाइकोपीन
(b) एंथोसायनिन
(c) बीटालेन्स
(d) कैरोटीन
**Ans.(b)**

**Q5.** निम्नलिखित जंतु ऊतकों को उनकी सही विशेषताओं के साथ सुमेलित कीजिए।

| ऊतक प्रकार | विवरण |
|---|---|
| a. शल्की उपकला | i. कोशिकाएं पतली और चपटी होती हैं और ग्रासनली का एक नाजुक अस्तर बनाती हैं। |
| b. स्तरित उपकला | ii. यह श्वसन नली का आंतरिक अस्तर बनाता है। |
| c. घनाकार उपकला | iii. यह गुर्दे की नलिकाओं और लार ग्रंथियों की नलिकाओं का अस्तर बनाता है। |
| d. पक्ष्माभी स्तंभाकार उपकला | iv. कोशिकाएं कई परतों में व्यवस्थित होती हैं, जैसे त्वचा में। |

(a) a iv, b i, c iii, d ii

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

*Test. Analyze. Improve. Repeat.*

**Don't just prepare. Perform.**

Test Prime – built only for mock tests.

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

Rating | Editors' choice | New

Mocks for Every Exam

Test. Analyze. Improve. Repeat.

All India Rankings

| 1,50,000+ | 25,000+ | 800+ | 500% |
|---|---|---|---|
| Mock Tests | Previous Year Papers | Exam Covered | Refund on Selection |

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Top Alerts** Stay Updated

## WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

- Safe & Reliable
- Trusted by Lakhs of Aspirants
- Your Success, Our Mission

**DOWNLOAD TEST PRIME**

*Your Success Partner!*

GET IT ON Google Play

Download on the App Store


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

(b) a iv, b i, c ii, d iii
(c) a i, b iv, c iii, d ii
(d) a i, b iii, c ii, d iv
**Ans.(c)**

**Q6.** सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में मीथेन क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करके क्लोरोमीथेन और हाइड्रोजन क्लोराइड बनाता है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है? कथन I: एक समय में केवल एक क्लोरीन परमाणु प्रतिस्थापित हो सकता है। कथन II: यह अभिक्रिया प्रतिस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण है। कथन III: यदि अभिक्रिया जारी रहती है तो बहु-प्रतिस्थापन हो सकता है।
(a) केवल I और III सत्य हैं
(b) केवल II और III सत्य हैं
(c) I, II और III सत्य हैं
(d) केवल I और II सत्य हैं
**Ans.(c)**

**Q7.** मिश्रण और यौगिक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
A) एक मिश्रण का संघटन परिवर्तनीय होता है जबकि एक यौगिक में, प्रत्येक नए पदार्थ का संघटन हमेशा निश्चित होता है।
B) एक मिश्रण घटक पदार्थ के विभिन्न गुणों को दर्शाता है जबकि एक यौगिक में, नया पदार्थ समान गुण दर्शाता है।
C) एक मिश्रण का संघटन अपरिवर्तनीय होता है जबकि एक यौगिक में, प्रत्येक नए पदार्थ का संघटन हमेशा बदलता रहता है।
(a) A और B दोनों
(b) केवल A
(c) केवल C
(d) केवल B
**Ans.(b)**

**Q8.** एक परिनालिका चुंबक की तरह व्यवहार करती है क्योंकि:
(a) इसके फेरों में विद्युत धारा एक चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है
(b) यह विद्युत का भंडारण करती है
(c) इसके अंदर लोहा होता है
(d) इसका उच्च प्रतिरोध होता है
**Ans.(a)**

**Q9.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही ढंग से बताता है कि बहुकोशिकीय जीव अपना भोजन कैसे पचाते हैं?
(a) वे भोजन केवल शरीर के बाहर पचाते हैं।
(b) वे विशिष्ट पाचन अंगों में भोजन पचाते हैं।
(c) वे सीधे कोशिका झिल्ली के माध्यम से भोजन सोख लेते हैं।
(d) वे भोजन के कणों को निगलने के लिए कूटपाद का उपयोग करते हैं।
**Ans.(b)**

**Q10.** निम्नलिखित में से किस तत्व को मानक स्थितियों में विशेष रूप से अधातु के रूप में वर्गीकृत किया गया है?
(a) पारा
(b) जस्ता
(c) चांदी
(d) हाइड्रोजन
**Ans.(d)**

**Q11.** क्लोर-क्षार प्रक्रिया में जब जलीय सोडियम क्लोराइड विलयन से विद्युत प्रवाहित की जाती है, तो कौन से उत्पाद बनते हैं?
$NaCl(aq) + H_2 O(l) \rightarrow$ उत्पाद
(a) $NaCl + H_2$
(b) $NaHCO_3 + Cl_2$
(c) $NaOH + H_2 + Cl_2$
(d) $H_2 + O_2$
**Ans.(c)**

**Q12.** कौन-सी संरचनात्मक विशेषता असंतृप्त कार्बनिक यौगिकों की उच्च अभिक्रियाशीलता में योगदान करती है?
(a) कार्बन परमाणु बैकबोन संरचना का अधूरा निर्माण
(b) कार्बन ढांचे से जुड़े हैलोजन परमाणुओं की उपस्थिति
(c) कार्बन परमाणुओं के बीच द्वि-बंध या त्रि-बंध का अस्तित्व
(d) यौगिक अणु के भीतर हाइड्रोजन परमाणुओं की कुल अनुपस्थिति
**Ans.(c)**

**Q13.** निम्नलिखित अभिक्रिया के संतुलित उत्पाद क्या हैं?
$Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow$ ____________ + ________
(a) $2BaSO_2(s) + 2NaCl(aq) + 2O_2(g)$
(b) $BaSO_2(s) + NaCl(aq) + O_2(g)$
(c) $BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$
(d) $BaSO_4(s) + 2NaCl_2(aq)$
**Ans.(c)**

**Q14.** कौन सा संयोजी ऊतक आंतरिक अंगों को सहारा देने के लिए जाना जाता है?
(a) शल्की उपकला (Squamous epithelium)
(b) स्नायु (Ligament)
(c) कंडरा (Tendon)
(d) एरिओलर ऊतक (Areolar tissue)
**Ans.(d)**

**Q15.** निम्नलिखित में से कौन सी धातु ठंडे पानी के साथ सबसे अधिक तीव्रता से अभिक्रिया करती है?
(a) लोहा
(b) सोडियम
(c) तांबा
(d) कोबाल्ट
**Ans.(b)**

**Q16.** एक लकड़ी के ब्लॉक का द्रव्यमान 6 kg है और इसका आकार 40 cm × 30 cm × 20 cm है। इसे इसकी 30 cm × 20 cm वाली भुजा पर मेज पर रखा जाता है। यदि $g = 10\ m/s^2$ है, तो यह मेज पर कितना दाब डालता है?
(a) 200 Pa
(b) 1000 Pa
(c) 100 Pa
(d) 300 Pa
**Ans.(b)**

**Q17.** निम्नलिखित में से कौन सी ध्वनि की तीव्रता के लिए SI इकाई है?
(a) मीटर प्रति सेकंड (m/s)
(b) वाट प्रति वर्ग मीटर ($W/m^2$)
(c) पास्कल (Pa)
(d) वाट (W)
**Ans.(b)**

**Q18.** जब एक निलंबन मिश्रण को बिना हिलाए छोड़ दिया जाता है, तो उसके कणों का क्या होता है?
(a) बिना हिलाए छोड़ने पर कण नीचे बैठ जाते हैं।
(b) मिश्रण स्थिर होता है और इसे हिलाने की आवश्यकता नहीं होती है।
(c) मिश्रण स्पष्ट और पारदर्शी होता है।
(d) कण विलायक में घुल जाते हैं।
**Ans.(a)**

**Q19.** किसी तत्व की परमाणु संख्या क्या दर्शाती है?
(a) एक परमाणु में न्यूरॉन की संख्या
(b) परमाणु की द्रव्यमान संख्या
(c) एक परमाणु में प्रोटॉन की संख्या
(d) इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन की कुल संख्या
**Ans.(c)**

**Q20.** निम्नलिखित में से आहार नाल का सबसे लंबा भाग कौन सा है?
(a) बड़ी आंत
(b) भोजन नली
(c) आमाशय
(d) छोटी आंत

**Ans.(d)**

**Q21.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही ढंग से बताता है कि हरे पौधे अपना भोजन कैसे तैयार करते हैं?
(a) वे मिट्टी से बना-बनाया भोजन सोख लेते हैं।
(b) वे सूर्य के प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी का उपयोग करके भोजन तैयार करते हैं।
(c) वे पोषण के लिए पूरी तरह से जानवरों पर निर्भर रहते हैं।
(d) वे अवशोषण से पहले अपने शरीर के बाहर भोजन पचाते हैं।
**Ans.(b)**

**Q22.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन स्थिर अनुपात के नियम को सही ढंग से परिभाषित करता है?
(a) एक यौगिक में हमेशा द्रव्यमान के अनुसार एक निश्चित अनुपात में तत्व होते हैं।
(b) यौगिक बनाने के लिए तत्व यादृच्छिक अनुपात में जुड़ते हैं।
(c) एक यौगिक का द्रव्यमान हमेशा उसके तत्वों के योग से अधिक होता।
(d) यौगिक तापमान के आधार पर अपनी संरचना बदल सकते हैं।
**Ans.(a)**

**Q23.** पौधों में संवहनी ऊतक के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
(a) जाइलम पौधों में पानी और पोषक तत्वों का परिवहन करता है।
(b) जाइलम फ्लोएम ऊतक का हिस्सा है।
(c) संवहनी ऊतक केवल पानी का परिवहन करता है, पोषक तत्वों का नहीं।
(d) जाइलम गैर-विशिष्ट कोशिकाओं से बना होता है।
**Ans.(a)**

**Q24.** प्रारंभ में विराम अवस्था में 3 kg द्रव्यमान की एक वस्तु पर 2 सेकंड के लिए 9 N का निरंतर बल लगाया जाता है। इसका अंतिम वेग क्या होगा?
(a) 3 m/s
(b) 18 m/s
(c) 9 m/s
(d) 6 m/s
**Ans.(d)**

**Q25.** जंतुओं में उपकला (एपिथीलियम) ऊतक का मुख्य कार्य क्या है?
(a) यह शरीर की गति के लिए मांसपेशियों और हड्डियों को जोड़ता है
(b) यह पूरे शरीर में गैसों और हार्मोन का परिवहन करता है
(c) यह शरीर के अंगों और गुहाओं को ढकता है और उनकी रक्षा करता है
(d) यह अंगों को यांत्रिक सहायता और आकार प्रदान करता है
**Ans.(c)**

**Q26.** एक व्यापारी कई छूट योजनाएँ प्रदान करता है। निम्नलिखित विकल्पों में से सबसे कम विक्रय मूल्य वाली योजना चुनें।
(a) 72% की एकल छूट
(b) एक खरीदें एक मुफ़्त पाएँ
(c) एक खरीदें, तीन मुफ़्त पाएँ

(d) दो खरीदें, पांच मुफ़्त पाएँ
**Ans.(c)**

**Q27.** किसी आँकड़ों का बहुलक और माध्यिका क्रमशः 87.5 और 86 हैं। आँकड़ों का माध्य क्या है? (अनुभवजन्य सूत्र का प्रयोग करें।)
(a) 85.25
(b) 85.41
(c) 84.23
(d) 87.15
**Ans.(a)**

**Q28.** सीमा ने एक निश्चित कीमत पर एक मोबाइल और लैपटॉप खरीदा। उसने मोबाइल को 10% लाभ पर और लैपटॉप को 25% लाभ पर बेचा। उसने पाया कि मोबाइल का क्रय मूल्य लैपटॉप के विक्रय मूल्य के बराबर है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
(a) $13\frac{2}{3}\%$
(b) $16\frac{2}{3}\%$
(c) $14\frac{2}{3}\%$
(d) $15\frac{2}{3}\%$
**Ans.(b)**

**Q29.** यदि sin A=5/7 है, $\frac{5\csc A-7\sin A}{2\sqrt{6}\sec A+7\cos^2 A}$ का मान ज्ञात कीजिए
(a) 9/23
(b) 14/73
(c) 3/19
(d) 11/46
**Ans.(b)**

**Q30.** सरल कीजिए: $\frac{(4+4cot^2A)tanA}{(3+3tan^2A)cosecA}$
(a) $\frac{4sinA}{3}$
(b) $\frac{4cosA}{3}$
(c) $\frac{sinA}{3}$
(d) $\frac{cosA}{3}$
**Ans.(b)**

**Q31.** 36,000 की कुल राशि को दो भागों में विभाजित किया गया है। एक भाग को 6% प्रति वर्ष साधारण ब्याज पर 4 वर्षों के लिए और दूसरे भाग को 9% प्रति वर्ष साधारण ब्याज पर 6 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है। यदि दोनों निवेशों से प्राप्त कुल साधारण ब्याज (उनकी संबंधित अवधियों के बाद) 16,020 है, तो क्रमशः 6% और 9% पर निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।
(a) 6% पर 12,000 और 9% पर 24,000

(b) 6% पर 11,400 और 9% पर 24,600
(c) 6% पर 10,000 और 9% पर 26,000
(d) 6% पर 15,000 और 9% पर 21,000
**Ans.(b)**

**Q32.** शिवा 8% प्रति वर्ष साधारण ब्याज पर 5 वर्षों के लिए ₹ 12,000 उधार लेता है। वह तुरंत इस राशि को किसी अन्य व्यक्ति को 10% प्रति वर्ष की दर से 5 वर्षों के लिए उधार दे देता है। इस लेन-देन में उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
(a) 25%
(b) 20%
(c) 22%
(d) 15%
**Ans.(a)**

**Q33.** एक बैंक अर्ध-वार्षिक आधार पर गणना किए गए प्रति वर्ष 7.4% चक्रवृद्धि ब्याज की पेशकश करता है। एक ग्राहक एक वर्ष में 1 जनवरी और 1 जुलाई को ₹8,022 प्रत्येक जमा करता है। वर्ष के अंत में, ब्याज के रूप में उसे प्राप्त होने वाली राशि _____ होगी (अपना उत्तर 2 दशमलव स्थानों तक सही दें)।
(a) ₹918.48
(b) ₹901.42
(c) ₹919.85
(d) ₹903.07
**Ans.(b)**

**Q34.** 21 और 189 के बीच माध्य समानुपाती ज्ञात कीजिए।
(a) 66
(b) 68
(c) 62
(d) 63
**Ans.(d)**

**Q35.** एक बेलन की त्रिज्या में 20% की कमी की जाती है जबकि उसकी ऊँचाई में 40% की वृद्धि की जाती है। इसके आयतन में प्रतिशत परिवर्तन कितना है?
(a) 10.4% की कमी
(b) न कोई वृद्धि न कोई कमी
(c) 14.2% की वृद्धि
(d) 12% की वृद्धि
**Ans.(a)**

**Q36.** पाइप P एक टैंक के 3/8 भाग को 21 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसी टैंक के 2/7 भाग को 16 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 2 घंटे के लिए खुला रखा गया, फिर दोनों को बंद कर दिया गया। फिर अकेले पाइप R को खोला गया और उसने टैंक के पानी को 3 घंटे में खाली कर दिया। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं:
(a) 94 घंटे
(b) 89 घंटे

(c) 67 घंटे
(d) 84 घंटे
**Ans.(d)**

**Q37.** एक चट्टान के शीर्ष से चट्टान के तल से 240 फीट दूर जमीन पर एक बिंदु का अवनमन कोण

30°

है। चट्टान की ऊँचाई (फीट में, निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात करें।
($\sqrt{3}$=1.732 का प्रयोग करें)
(a) 124
(b) 139
(c) 146
(d) 130
**Ans.(b)**

**Q38.** एक साइकिल चालक एक निश्चित दूरी को दो समान भागों में तय करता है। वह पहला भाग 20 किमी/घंटा की गति से और दूसरा भाग 30 किमी/घंटा की गति से तय करता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत गति (किमी/घंटा में) क्या है?
(a) 40
(b) 25
(c) 24
(d) 50
**Ans.(c)**

**Q39.** एक डॉपलर रडार सिस्टम ने एक कंपनी के मुख्य द्वार में प्रवेश करने वाली 10 कारों की गति 87, 99, 80, 73, 64, 86, 98, 60, 88 और 92 (किमी/घंटा में) दर्ज की। बाद में, सिस्टम में एक त्रुटि का पता चला। यदि डॉपलर रडार सिस्टम ने प्रत्येक मामले में 10 मीटर/सेकेंड अधिक दर्ज किया है, तो कारों की नई औसत गति ज्ञात कीजिए।
(a) 46.7 किमी/घंटा
(b) 40.5 किमी/घंटा
(c) 42.5 किमी/घंटा
(d) 42 किमी/घंटा
**Ans.(a)**

**Q40.** शीर्ष A(-5, 7), B(-4, -5) और C(4, 5) वाले त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल है
(a) 53 वर्ग इकाइयाँ
(b) 63 वर्ग इकाइयाँ
(c) 36 वर्ग इकाइयाँ
(d) 35 वर्ग इकाइयाँ
**Ans.(a)**

**Q41.** 50 किमी/घंटा की गति से चल रही 500 मीटर लंबी ट्रेन को विपरीत दिशा में 60 किमी/घंटा की गति से आ रही 200 मीटर लंबी दूसरी ट्रेन को पार करने में कितना समय लगेगा? (अपना उत्तर निकटतम पूर्णांक मान में सेकंड में दें।)
(a) 23 सेकंड
(b) 17 सेकंड

(c) 13 सेकंड
(d) 10 सेकंड
**Ans.(a)**

**Q42.** रमन की आय ₹41,400 है। वह अपनी आय का 24% बचाता है। यदि उसकी आय में 22% की वृद्धि होती है और उसके व्यय में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में _______ की वृद्धि होगी।
(a) ₹1,242 की वृद्धि
(b) ₹1,241 की कमी
(c) ₹1,244 की कमी
(d) ₹1,245 की वृद्धि
**Ans.(a)**

**Q43.** एक गाँव की जनसंख्या 2,90,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 15% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या ______ है।
(a) 3,33,500
(b) 4,00,200
(c) 3,48,000
(d) 3,91,500
**Ans.(b)**

**Q44.** एक पिता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का योग 60 वर्ष है। आज से पाँच वर्ष पहले, उनकी आयु के संख्यात्मक मानों का गुणनफल 525 था। पिता की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।
(a) 50
(b) 40
(c) 45
(d) 55
**Ans.(b)**

**Q45.** यदि 9 अंकों की संख्या 29x4957y4, 88 से विभाज्य है, तो निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
(a) x = 7 और y = 0
(b) x = 7 और y = 1
(c) x = 0 और y = 4
(d) x = 4 और y = 8
**Ans.(b)**

**Q46.** निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए:
25 × 25 + 9 × 9 + 6 × 6 + 2 × 25 × 9 + 2 × 9 × 6 + 2 × 25 × 6
(a) 2500
(b) 1200
(c) 1600
(d) 900
**Ans.(c)**

**Q47.** 100 और 1000 के बीच ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जो 7 से विभाज्य हैं?
(a) 148
(b) 138
(c) 60
(d) 128
**Ans.(d)**

**Q48.** A को अधिकतम कौन सा मान दिया जाना चाहिए ताकि 8-अंकीय संख्या 713A8845, 3 से विभाज्य हो?
(a) 9
(b) 8
(c) 6
(d) 7
**Ans.(a)**

**Q49.** एक व्यवसाय में, अंकित कुल पूंजी का 3/5 भाग 4 महीनों के लिए निवेश करता है, जबकि चिंटू कुल पूंजी का 11/40 भाग 1 वर्ष के लिए निवेश करता है। यदि अंकित के लाभ का हिस्सा ₹40,000 है, तो व्यवसाय द्वारा अर्जित कुल लाभ क्या है?
(a) 95,000
(b) 1,14,000
(c) 90,000
(d) 85,000
**Ans.(a)**

**Q50.** वर्तमान में, वनराज की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है, और उसकी पुत्री की आयु पुत्र की आयु से 3 वर्ष कम है। यदि 3 वर्ष पहले इन तीनों व्यक्तियों की आयु का योग 73 वर्ष था, तो वनराज की वर्तमान आयु (वर्षों में) है:
(a) 51
(b) 60
(c) 53
(d) 57
**Ans.(a)**

**Q51.** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। B, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, E और G का निकटतम पड़ोसी है। D, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। जब E के बाईं ओर से गिना जाता है, तो F और E के बीच कितने लोग बैठे हैं?
(a) पांच
(b) तीन
(c) चार
(d) दो
**Ans.(d)**

**Q52.** सात दोस्तों मायशा, मायरा, हीर, टिया, यश, सिया और आरव के एक समूह में प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। सिया अपने दोस्तों में तीसरी सबसे लंबी है। मायशा दोस्तों में तीसरी सबसे छोटी है। आरव, यश और सिया से लंबा है। हीर और टिया मायरा से छोटी हैं। आरव समूह में सबसे लंबा नहीं है। उनमें से सबसे लंबा कौन है?
(a) हीर

(b) यश
(c) मायरा
(d) टिया
**Ans.(c)**

**Q53.** एक निश्चित कोड भाषा में, 'she gardens daily' को 'ak jb mp' के रूप में कोडित किया जाता है और 'where is she' को 'mp pt kt' के रूप में कोडित किया जाता है। दी गई भाषा में 'she' को कैसे कोडित किया जाएगा?
(a) mp
(b) ak
(c) kt
(d) pt
**Ans.(a)**

**Q54.** एक कूट भाषा में PARROT को RLNMUI के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में CUCKOO को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) MGLYOV
(b) MLGXOV
(c) MLGYOV
(d) MLGXQV
**Ans.(b)**

**Q55.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BAE' को '512' और 'WIN' को '14923' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'HER' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) 1826
(b) 1844
(c) 1838
(d) 1858
**Ans.(d)**

**Q56.** रेखा की लंबाई 5 फीट है। बिंदिया, रेखा से 1 फीट लंबी है। ज्योति, रेखा से 1 फीट छोटी है। वंदना, बिंदिया से 1 फीट लंबी है। निम्नलिखित में से कौन सबसे लंबा है?
(a) ज्योति
(b) बिंदिया
(c) रेखा
(d) वंदना
**Ans.(d)**

**Q57.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'AHEM' को 'XDBI' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'BETS' का कूट क्या है?
(a) YAPO
(b) YBQP
(c) YBQO
(d) YAQO

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans.(d)**

**Q58.** छह चचेरे भाई, A, B, C, D, E और F, लद्दाख की बाइक यात्रा पर जा रहे हैं। हर कोई अलग-अलग बाइक चला रहा है। E, F से धीमी गति से चला रहा है। A, C से तेज़ लेकिन D से धीमी गति से चला रहा है। D, B से धीमी लेकिन F से तेज़ चला रहा है। C, F से तेज़ चला रहा है। इन छह में से कौन सबसे तेज़ चला रहा है?
(a) A
(b) D
(c) C
(d) B
**Ans.(d)**

**Q59.** निम्नलिखित चार शब्द युग्मों में से तीन एक समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। उस शब्द युग्म का चयन करें जो उस समूह से संबंधित नहीं है।
(a) रेस्तरां - रसोइये
(b) थिएटर - फिल्में
(c) अस्पताल - डॉक्टर
(d) स्कूल - शिक्षक
**Ans.(b)**

**Q60.** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथन: सभी जार कप हैं। कुछ जार केतली हैं। निष्कर्ष: (I) कुछ कप केतली हैं। (II) कुछ केतली जार हैं।
(a) केवल (II)
(b) न तो (I) और न ही (II)
(c) केवल (I)
(d) दोनों (I) और (II)
**Ans.(d)**

**Q61.** सात व्यक्ति G, H, I, J, K, L और M, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। M और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J के दायें केवल K बैठा है। I और J के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, L के दायें किसी स्थान पर बैठा है लेकिन H के बायें किसी स्थान पर बैठा है। H और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) दो
(b) चार
(c) तीन
(d) एक
**Ans.(a)**

**Q62.** एक निश्चित कूट भाषा में,
'A # B' का अर्थ है 'A, B की पुत्री है',
'A @ B' का अर्थ है 'A, B का भाई है',
'A + B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A - B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D # M + S @ P - R' है तो D का R से क्या संबंध है?
(a) भाई की पुत्री
(b) पिता के भाई की पुत्री
(c) पिता की पुत्री
(d) पिता के भाई की पत्नी
**Ans.(b)**

**Q63.** नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गये हैं। आपको दिए गये कथनों को सत्य मानना है भले ही वे ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिये कि दिये गये निष्कर्षों में से कौन सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
कथन:
I. कुछ L, S हैं।
II. सभी T, S हैं।
निष्कर्ष:
I. कोई T, L नहीं है।
II. कोई S, T नहीं है।
(a) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(c) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
**Ans.(c)**

**Q64.** छह लड़के राम, सुमित, सुनील, राहुल, राज और अमन एक गोलाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर उन्मुख बैठे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। सुनील, अमन का निकटतम पड़ोसी नहीं है। अमन, राम के दाएं से दूसरे स्थान पर है। राहुल, सुमित के दाएं से दूसरे स्थान पर है। राज, राम के निकटतम बायीं ओर है। राज और राहुल दोनों का निकटतम पड़ोसी कौन है?
(a) अमन
(b) राम
(c) सुमित
(d) सुनील
**Ans.(d)**

**Q65.** निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा, यदि '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?
99 + 33 – 28 × 32 ÷ 10 = ?
(a) 62
(b) 72
(c) 52
(d) 36
**Ans.(a)**

**Q66.** तीन कथन और उसके बाद I और II से अंकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय कीजिए कि कौन सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
कथन
I: सभी बिल्लियाँ स्तनधारी हैं।
II: सभी स्तनधारी जानवर हैं।
III: सभी जानवर जीवित प्राणी हैं।
निष्कर्ष
I: कुछ बिल्लियाँ जीवित प्राणी हैं।
II: सभी जीवित प्राणी बिल्लियाँ हैं।
(a) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
**Ans.(b)**

**Q67.** दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए संख्याओं के किन दो समूहों को आपस में बदलना चाहिए?
1425 ÷ 5 + 678 × 15 – 267 × 3 = 51 × 4 + 569 × 8
(a) (5 और 15), और (4 और 569)
(b) (1425 और 267), और (5 और 3)
(c) (5 और 15), और (51 और 569)
(d) (678 और 267), और (4 और 8)
**Ans.(c)**

**Q68.** चिह्नों के निम्नलिखित में से किस युग्म के स्थानों को आपस में बदलने पर दिया गया गणितीय समीकरण सही ढंग से हल हो जाएगा?
20 + 5 – 25 ÷ 15 × 5 = 54
(a) ÷ और ×
(b) ÷ और +
(c) + और ×
(d) + और –
**Ans.(b)**

**Q69.** एक कूट भाषा में, 'PARENT' को 'PWRANT' और 'SING' को 'SENG' के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में 'TERMINATE' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) SERMANWTA
(b) TERMANWTA
(c) SARMENWTA
(d) TARMENWTA
**Ans.(d)**

**Q70.** आठ परिवार के सदस्य रात के खाने के लिए एक गोलाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं, जिनका मुख एकान्तर क्रम में अंदर और बाहर की ओर है। समान दिशा की ओर मुख किए हुए कोई भी दो परिवार के सदस्य एक दूसरे के बगल में नहीं बैठे हैं। विजय और नीरज के बीच तीन सदस्य बैठे हैं। कविता, नीरज के दाएँ से दूसरे स्थान पर और मनीष के तत्काल दाएँ बैठी है। नीरज का मुख बाहर की ओर है। प्रिया और भारती ठीक एक दूसरे के विपरीत बैठे हैं। दीपक, प्रिया के तत्काल बाएँ बैठा है। शुभम से वामावर्त (anti-clockwise) गिनने पर, विजय और शुभम के बीच कितने परिवार के सदस्य बैठे हैं?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**Ans.(b)**

**Q71.** निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर समूह दी गई श्रृंखला में रिक्त स्थान (__________) को प्रतिस्थापित करेगा?

UHI, __________ WLM, XNO, YPQ, ZRS

(a) WHI

(b) VHI

(c) VJK

(d) WJK

**Ans.(c)**

**Q72.** निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक भिन्न है। भिन्न को चयन करें।

(a) NMP

(b) KPR

(c) BYA

(d) FUW

**Ans.(a)**

**Q73.** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा(से) तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:

सभी केले सेब हैं।

सभी सेब अंगूर हैं।

कुछ अंगूर संतरे हैं।

निष्कर्ष:

(I) सभी अंगूर केले हैं।

(II) सभी संतरे सेब हैं।523

(a) केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

(b) केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

(c) दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं

(d) न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

**Ans.(d)**

**Q74.** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
3 13 48 203 1028 ?
(a) 6283
(b) 6273
(c) 6182
(d) 6183
**Ans.(d)**

**Q75.** यदि 'A' का अर्थ ' ¯(◦) ' है, 'B' का अर्थ ' x ' है, 'C' का अर्थ ' + ' है और 'D' का अर्थ ' - ' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
1 B 3 D 10 A 5 C 2 = ?
(a) 4
(b) 2
(c) 1
(d) 3
**Ans.(d)**

**Q76.** A, B, C, Q, R, S और T में से प्रत्येक का मैच सप्ताह के एक अलग दिन होता है जो सोमवार से शुरू होता है और उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होता है। Q का मैच शनिवार को है। S से पहले केवल दो लोगों का मैच है। S और B के बीच केवल तीन लोगों का मैच है। C और R के बीच केवल एक व्यक्ति का मैच है। A का मैच C से ठीक पहले है।
T और C के बीच कितने लोगों का मैच है?
(a) दो
(b) एक
(c) तीन
(d) चार
**Ans.(a)**

**Q77.** सुनील की लंबाई 5 फीट है। राकेश, सुनील से 1 फीट लंबा है, लेकिन पीयूष से 1 फीट छोटा है। ब्रजेश, राकेश से 1 फीट छोटा है। किन दो लोगों की लंबाई समान है?
(a) सुनील और ब्रजेश
(b) राकेश और पीयूष
(c) राकेश और सुनील
(d) पीयूष और ब्रजेश
**Ans.(a)**

**Q78.** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में स्थिति के आधार पर, निम्नलिखित अक्षर समूहों में से तीन किसी तरह से समान हैं और एक अलग है। विषम अक्षर-समूह का चयन करें।
(a) CEIO
(b) VXBF
(c) RTXD
(d) UWAG
**Ans.(b)**

**Q79.** निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा यदि '9' और '3' को परस्पर बदल दिया जाए?
2 – 3 ÷ 9 × 6 + 5 = ?
(a) – 9
(b) 5
(c) 13/3
(d) – 11
**Ans.(d)**

**Q80.** बिंदु A, बिंदु B के पूर्व में 30 मीटर पर है। बिंदु C, बिंदु A के दक्षिण में 43 मीटर पर है। बिंदु C, बिंदु D के पूर्व में 45 मीटर पर है। बिंदु E, बिंदु D के दक्षिण में 14 मीटर पर है। बिंदु F, बिंदु E के पूर्व में 35 मीटर पर है। बिंदु F के सन्दर्भ में बिंदु B किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पूर्व
(b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण-पश्चिम
(d) पश्चिम
**Ans.(b)**

**Q81.** निम्नलिखित में से कौन से दो देश ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबानी करेंगे?
(a) भारत और बांग्लादेश
(b) भारत और श्रीलंका
(c) भारत और संयुक्त अरब अमीरात
(d) श्रीलंका और पाकिस्तान
**Ans.(b)**

**Q82.** फरवरी 2026 में, जर्मनी ने किस पहल के तहत भारत के लिए 20 मिलियन यूरो तक के नए जलवायु लचीलापन अनुदान की घोषणा की?
(a) ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF)
(b) इंटरनेशनल क्लाइमेट इनिशिएटिव (IKI)
(c) EU क्लाइमेट एडेप्टेशन मैकेनिज्म
(d) ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी (GEF)
**Ans.(b)**

**Q83.** 14वीं मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2026 किस देश में आयोजित की जाएगी?
(a) भारत
(b) जापान
(c) ब्राजील
(d) कनाडा
**Ans.(a)**

**Q84.** ORBIT स्पेस-टेक एक्सेलेरेटर प्रोग्राम, जिसका तीसरा समूह जून 2026 में लॉन्च किया गया था, किस संगठन द्वारा समर्थित है?
(a) DRDO
(b) अटल इनोवेशन मिशन (AIM)
(c) नीति आयोग अनुसंधान केंद्र
(d) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम
**Ans.(b)**

**Q85.** जून 2026 में जारी ब्लूमबर्ग डेटा के अनुसार, भारत वैश्विक बाजार पूंजीकरण रैंकिंग में किस स्थान पर खिसक गया?
(a) 5वां
(b) 6वां
(c) 7वां
(d) 8वां
**Ans.(c)**

**Q86.** जून 2026 में शुरू की गई प्रधानमंत्री परिवार देखभाल ट्रैकर (PM-FCT) पायलट परियोजना, बच्चों की भलाई की निगरानी के लिए किस चरण से 18 वर्ष की आयु तक डिज़ाइन की गई है?
(a) जन्म से 18 वर्ष
(b) गर्भावस्था से 18 वर्ष
(c) एक वर्ष से 18 वर्ष
(d) गर्भावस्था से 14 वर्ष
**Ans.(b)**

**Q87.** फरवरी 2026 में आयोजित 'अभ्यास अग्नि वर्षा' भारतीय सेना की किस कमान द्वारा आयोजित किया गया था?
(a) उत्तरी कमान
(b) पश्चिमी कमान
(c) पूर्वी कमान
(d) दक्षिणी कमान
**Ans.(d)**

**Q88.** निम्नलिखित में से किसने मंगोलिया में आयोजित 2026 महिला एशियाई व्यक्तिगत शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता?
(a) आर वैशाली प्रज्ञानंदा
(b) सविता श्री भास्कर
(c) कोनेरू हम्पी
(d) दिव्या देशमुख
**Ans.(b)**

**Q89.** भारत का पहला एकीकृत महासागर तापीय ऊर्जा रूपांतरण (OTEC) संयंत्र, जिसकी मार्च 2026 में समीक्षा की गई, किस स्थान पर विकसित किया जा रहा है?
(a) कवरत्ती, लक्षद्वीप
(b) पोर्ट ब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(c) कोच्चि, केरल
(d) तूतीकोरिन, तमिलनाडु
**Ans.(a)**

**Q90.** इंटरनेशनल बुकर प्राइज 2026 के विजेता की घोषणा लंदन के किस स्थान पर की गई थी?
(a) ब्रिटिश म्यूज़ियम
(b) टेट मॉडर्न
(c) रॉयल ओपेरा हाउस
(d) वेस्टमिंस्टर हॉल
**Ans.(b)**

**Q91.** रसायन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भारत सरकार ने केंद्रीय बजट वित्त वर्ष 2026-27 में किस पहल का प्रस्ताव दिया?
(a) पेट्रोकेमिकल निर्यात सब्सिडी कार्यक्रम
(b) केमिकल पार्कों की स्थापना
(c) राष्ट्रीय हरित रसायन नवाचार योजना
(d) थोक औषधि निर्माण हब
**Ans.(b)**

**Q92.** निम्नलिखित में से किस सरकारी योजना ने April 8, 2026 को लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को सशक्त बनाने के 11 वर्ष पूरे किए?
(a) प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY)
(b) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY)
(c) स्टैंड-अप इंडिया
(d) पीएम-किसान
**Ans.(b)**

**Q93.** सरकार ने विदेशी अंशदान (विनियमन) नियम, 2026 में कब से संशोधन किया:
(a) 20 जून 2026
(b) 21 जून 2026
(c) 22 जून 2026
(d) 23 जून 2026
**Ans.(c)**

**Q94.** गणतंत्र दिवस परेड 2026 के लिए निर्धारित विषय (theme) क्या है?
(a) विकसित भारत 2047
(b) वंदे मातरम के 150 वर्ष
(c) नारी शक्ति और सांस्कृतिक विरासत
(d) डिजिटल इंडिया और प्रौद्योगिकी
**Ans.(b)**

**Q95.** IPL 2026 में ऑरेंज कैप जीतने के लिए वैभव सूर्यवंशी ने कितने रन बनाए?
(a) 676
(b) 726
(c) 776
(d) 826
**Ans.(c)**

**Q96.** मार्च 2026 में जनगणना-2027 के लिए लॉन्च किए गए डिजिटल टूल किस संगठन ने विकसित किए?
(a) राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)
(b) प्रगत संगणन विकास केंद्र (C-DAC)
(c) भारतीय सांख्यिकी संस्थान (ISI)
(d) नीति आयोग
**Ans.(b)**

**Q97.** अप्रैल 2026 में पाकिस्तान द्वारा सफलतापूर्वक परीक्षण की गई 'तैमूर' मिसाइल किस श्रेणी की है?
(a) बैलिस्टिक मिसाइल
(b) सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल
(c) एंटी-शिप क्रूज मिसाइल
(d) अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल
**Ans.(c)**

**Q98.** अप्रैल 2026 में शुरू किया गया भारत का पहला एकीकृत कृषि खुफिया पारिस्थितिकी तंत्र (Integrated Agricultural Intelligence Ecosystem) किस संस्थान द्वारा विकसित किया गया था?
(a) IIT दिल्ली
(b) IIT खड़गपुर
(c) IIT रोपड़
(d) IARI
**Ans.(c)**

**Q99.** भारत ट्राइब्स फेस्ट 2026 के दौरान प्रचारित "रीसा पहल" का प्राथमिक फोकस क्या है?
(a) आदिवासी किसानों को सूक्ष्म-ऋण प्रदान करना
(b) डिजाइनर सहयोग के माध्यम से आदिवासी वस्त्रों को वैश्विक फैशन से जोड़ना
(c) ब्लॉकचेन का उपयोग करके आदिवासी भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करना
(d) आदिवासी गांवों में सौर ऊर्जा ग्रिड स्थापित करना
**Ans.(b)**

Test Prime By Adda247

# PREVIOUS YEAR PAPERS PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!


Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.

Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs

Download & Study Offline

Attempt as Mock & Track Score

Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME



Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILI)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

**Q100.** वर्ष 2026 के लिए कितने पद्म विभूषण पुरस्कारों की घोषणा की गई थी?
(a) 3
(b) 5
(c) 7
(d) 10
**Ans.(b)**